No. of Page : 4
No. of Q. : 21

नामांक ROLL NO.

SP-101

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2019-20

## कक्षा-11

## विषय - हिन्दी अनिवार्य

समय : 3¼ घण्टे

पूर्णांक : 70

नोट :- 1. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
2. सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।

### खण्ड - क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

मानव जीवन का सर्वतोन्मुखी विकास ही शिक्षा का उद्देश्य है। मनुष्य के व्यक्तित्व में अनेक प्रकार की शक्तियाँ अन्तर्निहित रहती हैं। शिक्षा इन्हीं शक्तियों का उद्घाटन करती है। मानवीय व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करने का कार्य शिक्षा द्वारा ही सम्पन्न होता है। सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आज तक मानव ने जो प्रगति की है, उसका सर्वाधिक श्रेय मनुष्य में ज्ञान-चेतना का उदय शिक्षा द्वारा ही होता है। बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन पशु-तुल्य होता है। शिक्षा ही अज्ञान रूपी अंधकार से मुक्ति दिलाकर ज्ञान का दिव्य आलोक प्रदान करती है। विद्या मनुष्य को अज्ञान के बंधन से मुक्त करती है।

(i) शिक्षा का उद्देश्य किसे बताया गया है? 1
(ii) मनुष्य को अज्ञानता के बंधन से मुक्ति कौन प्रदान करता है? 1
(iii) 'मानवीय' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय लिखो। 2

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

अब भी कुछ लोगों के दिल में नफरत अधिक, प्यार है कम।
हम जब होंगे बड़े, घृणा का नाम मिटाकर लेंगे दम॥
हिंसा के विषमय प्रवाह में, कब तक और बहेगा देश।
जब हम होंगे बड़े, देखना, नहीं रहेगा यह परिवेश॥
भ्रष्टाचार, जमाखोरी की आदत बहुत पुरानी है।
ये कुरीतियाँ मिटा, हमें तो नई चेतना लानी है॥
एक घरौंदे जैसा आखिर कितना और ढहेगा देश।
जब हम होंगे बड़े, देखना ऐसा नहीं रहेगा देश॥
इसकी बागडोर हाथों में, जरा हमारे आने दो।

P.T.O.

थोड़ा-सा बस पाँव हमारा, जीवन में टिक जाने दो॥
हम खाते हैं शपथ, दुर्दशा कोई नहीं सहेगा देश।
घोर अभावों की ज्वाला में, कल से नहीं दहेगा देश॥

(i) 'हिंसा के विषमह प्रवाह' से कवि का क्या आशय है? 2

(ii) बच्चे किन कुरीतियों को मिटाने का संकल्प व्यक्त कर रहे हैं? 1

(iii) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड - ख

3. अविकारी शब्द से आप क्या समझते हैं? 1

4. निम्न तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए- 1

(i) घी (ii) सावन

5. यदि तुम मुझसे मिलना चाहते हो तो मेरे पास आओ। उपर्युक्त वाक्य रचना के आधार पर किस प्रकार का वाक्य है? 1

6. निम्न वाक्य में उचित विराम चिन्हों का प्रयोग करके पुनः लिखिए। 1½

मैंने पूछा और उस पर्दे में क्या है वहाँ तुम गए थे

7. निम्नांकित का पल्लवन कीजिए- (50 शब्द) 1½

'करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान।'

8. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर सारगर्भित निबंध लिखिए-(300 शब्द) 6

(i) राष्ट्रीय विकास में महिलाओं की भागीदारी

(ii) पर्यावरण की शत्रु - पॉलिथीन की थैलियाँ

(iii) यदि मैं अपने गाँव का सरपंच होता

(iv) वर्तमान में भारत के विकास में विज्ञान की भूमिका

## [ खण्ड - ग ] प्रज्ञा-प्रवाह

9. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- (80 शब्द) 3

कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है। यह केवल नीति और सद्वृत्ति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि को भी क्षय करता है। किसी युवा पुरुष की संगति यदि बुरी होगी तो वह उसके पैरों में बँधी चक्की के समान होगी, जो उसे दिन-रात अवनति के गड्ढे में गिराती जाएगी और अच्छी होगी तो सहारा देने वाले बाहु के समान होगी, जो उसे निरंतर उन्नति की ओर उठाती जाएगी।

**अथवा**

केवल अक्लमंदी से सिर छिपा लेना ही बड़ी बात होती, तो मनुष्य कीड़े-मकोड़ों

से अधिक न होता। मनुष्य इसलिए 'मनुष्य' है कि उसने सृष्टि की धारा को अपने पुरुषार्थ से अनुकूल दिशा में मोड़ा है। कई बार उस पर गलत ढंग से अक्लमंदी का नशा छा जाता है। वह अपनी दुर्बलताओं को तत्वचिंतक मनीषा की भाषा में मोहनीय बनाने का प्रयास करता है। अपनी आदतों को फलसफे का रूप देता है, परन्तु इससे गलतियाँ या दुर्बलताएँ बड़ी नहीं हो जाती।

10. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- (80 शब्द) 3

सीस जटा उर-बाहु विसाल, विलोचन लाल, तिरछी सी भौंहे।
तू न, सरासन बान धरे, तुलसी-वन मारग में सुठि सौंहे॥
सादर बारहि बार सुभाय चितै, तुमल्यो हमरो मन मौंहे।
पूछति ग्राम वधू सिय सो, "कहो सावरे से, सखि रावरे को है॥"

अथवा

धूरिभरे अति सोभित स्याम जू जैसी बनी सुन्दर चोटी।
खेलत खात फिरै अंगना पग पैंजनी बाजति पारो कछोटी॥
वा छवि को रसखानि बिलोकत वारत काम कलानिधि कोटि।
काग के भाग बड़े सजनी हरि-हाथ सौं लै गयौ माखन-रोटी॥

11. किन बातों को ध्यान में रखकर आप नए मित्र बनायेंगे? आपके मित्र के प्रति आपकी क्या जिम्मेदारी होगी? 4

अथवा

"डॉ. कलाम एक कुशल तकनीकी प्रबंधक थे।" 'अग्नि की उड़ान' आत्मकथा के आधार पर सिद्ध कीजिए।

12. भारत में ज्ञानदायक, विधि विधायक, गुण गायक तथा लोकनायक के रूप में किन-किन महापुरुषों का वर्णन हुआ है? लिखिए। 4

अथवा

कवयित्री मीरा की पठित पदों के आधार पर काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।

13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(i) जो हमारी बात को सबसे ऊपर रखते हैं, उनका साथ हमारे लिए ज्यादा बुरा है। कैसे? 2

(ii) सीताजी को थका हुआ जानकर श्रीराम ने क्या उपक्रम किया? 2

(iii) श्रीनगर में कितने प्रकार की नावें होती है? उनके नाम लिखिए। 2

(iv) 'अब कोई गरीबों की सहायता से मुँह न मोड़ेगा।' ये शब्द किसने, किससे तथा क्यों कहे? 2

14. निम्नांकित में से किसी एक का साहित्यिक परिचय दीजिए- 4

(i) तुलसीदास (ii) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

15. निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए- 2×2=4

(i) कबीर ने गुरू को दाता क्यों कहा है?

(ii) यदि पक्षी के रूप में पुनर्जन्म मिले, तो कवि रसखान की क्या अभिलाषा है?

## खण्ड - घ

16. "जैनेन्द्र की 'खेल' कहानी बाल-मनोविज्ञान का निदर्शन कराती है।" सिद्ध कीजिए।" 4

**अथवा**

"घर की छोटी-छोटी बातें सदस्यों के अहम् के कारण उनके विघटन का कारण बन सकती है।" 'बड़े घर की बेटी' कहानी के आधार पर इस कथन की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

17. निम्नांकित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 3×2=6

(i) आनंदी अन्य स्त्रियों की तरह अपने पति के किस विचार से सहमत नहीं थी?

(ii) रामेश्वरी का हृदय परिवर्तन कैसे हुआ?

(iii) रोटियों के बीच रखे कागज के पुर्जे पर क्या लिखा था?

(iv) विधाता ने जिस पुतले का निर्माण किया, उसकी क्या विशेषताएँ थी?

## खण्ड - ङ

18. इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यमों से पत्राचार पर क्या प्रभाव पड़ा? बताइए। 2

19. "कठपुतली जनसंचार का अच्छा माध्यम है।" कैसे? 2

20. सोशल मीडिया से आप क्या समझते हैं? 2

21. आप ब्यावर निवासी अनिरुद्ध हैं। कोटा में चिकित्सा विज्ञान की कोचिंग कर रही अपनी अनुजा ज्योति को पत्र लिखिए; कि वह अध्ययन के साथ स्वास्थ्य एवं पोषण पर भी ध्यान दें। 4

❖❖❖